दैनिक जागरण
बरेली, बुधवार
19 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

**PAGE NO IV : TOP**

### आइके कलेक्शन बरेली की ओर से 28 गेंदों पर 47 रन बनाने वाले शिवकुमार राठी बने मैन आफ द मैच

# टी-20 टूर्नामेंट शुरू, आइके कलेक्शन और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीते मैच

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में मंगलवार को श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट का सीजन पांच शुरू हुआ। पहले मैच में आइके कलेक्शन बरेली ने जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ को छह विकेट और दूसरे मैच में हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने ओएसिस क्रिकेट एकेडमी को आठ विकेट से हराकर जीत का आगाज किया। आइके कलेक्शन बरेली की ओर 28 गेंदों पर 47 रन बनाने वाले शिवकुमार राठी और दूसरे मैच में 34 रन देकर तीन विकेट लेने वाले हल्द्वानी क्रिकेटर्स के गेंदबाज सूरज सतपाल मैन आफ द मैच रहे।

आइके कलेक्शन के कप्तान मोहम्मद जीशान ने टास जीतकर जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ को बल्लेबाजी के लिए बुलाया। यश सिरोही के 17, आदर्श 33, निकुंज 35 और शिवम मल्होत्रा के 22 रन की मदद से जस क्रिकेट एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवर में 131 बनाए। आइके कलेक्शन के दीपक आर्य और शुभ अग्रवाल ने तीन-तीन विकेट और मयंक मिश्रा ने दो विकेट लिए। दो बल्लेबाज रन आउट हुए। जवाब में आइके कलेक्शन के बल्लेबाजों ने 13.4 ओवर में 132 रन बनाकर मैच जीत लिया। पारस राज ने 24 रन, शिव कुमार राठी ने 47, अभिषेक ने 19 और मोहम्मद फैजान ने 18 रन बनाए। दूसरे मैच में ओएसिस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान सन्नी वर्मा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हल्द्वानी क्रिकेटर्स के गेंदबाज कबीर सिंह ने ओपनर हर्षित गोस्वामी को पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही कमल सिंह के हाथ कैच करवा कर ओएसिस क्रिकेट एकेडमी को पहला झटका दिया। ओएसिस की टीम तय 20 ओवर में आठ विकेट पर 109 रन बना सकी। हल्द्वानी क्रिकेटर्स के लिए सूरज सतवाल ने तीन विकेट, पृथ्वी गेरा ने दो, दीक्षु और देवेंद्र ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में हल्द्वानी क्रिकेटर्स के ओपनर दीक्षु और देवेंद्र ने पांच ओवर में स्कोर 65 पर पहुंचा दिया। पहला विकेट गिरने के बाद भी हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने तेजी से रन बनाना जारी रखा और 8.4 ओवर में 111 रन बनाकर आठ विकेट से मैच जीत लिया।

- आइके कलेक्शन बरेली ने जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ को छह विकेट से हराया
- हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने ओएसिस क्रिकेट एकेडमी बरेली को आठ विकेट से हराया



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन मुकाबले के बाद मैन आफ द मैच का पुरस्कार लेते क्रिकेटर शिव कुमार राठी • सौ. आयोजक



मैच के दौरान शाट खेलता बल्लेबाज •

**टूर्नामेंट में आज**

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को जस क्रिकेट एकेडमी मेरठ बनाम जीएनबी ग्रीन्स बरेली (ग्रुप ए) के बीच मैच होगा। दूसरा मैच दोपहर 12.30 से हल्द्वानी क्रिकेटर्स बनाम हरदोई स्ट्राइकर्स (ग्रुप सी) के बीच होगा।